>

Title: Need to provide adequate compensation to the farmers whose crops were damaged due to frost in Madhya Pradesh-laid.

श्री प्रेमचन्द गुड्डू (उज्जैन): अभी हाल में मेरे संसदीय क्षेत्र उज्जैन में पाले से खराब फसल होने के कारण तीन किसानों ने एवं मध्य प्रदेश राज्य में अब तक 41 किसनों ने आत्महत्या की है, केन्द्र सरकार ने इस हेतु 500 करोड़ रूपए से अधिक की राशि मध्य प्रदेश राज्य को दी है। लेकिन किसानों को राज्य सरकार द्वारा गरीब किसानों को मात्र 500-700 रूपये के चेक दिए गए जबकि नुकसान 10 से 15 हजार प्रति एकड़ का हुआ है।

पाला गिरने से फसलें बर्बाद हो गईं और आय का कोई अन्य साधन न होने से किसानों के पास आत्महत्या करने के अलावा कोई चारा नहीं है। अभी आगे की फसल हेतु किसानों को खाद, बीज आदि की खरीद करनी है, उचित मुआवजा न मिलने के कारण किसान आगे की फसल उगाने में असमर्थ हो गये हैं। दूसरी तरफ ऋण वसूली हेतु राज्य सरकार अधिकारियों को किसानों के घर भेज रही है। जबकि इस परिस्थिति में ऋण वसूली में किसानों को कुछ राहत प्रदान की जानी चाहिए। मैंने स्वयं गांव-गांव घूमकर फसल की बर्बादी का नजारा देखा है, गरीब किसानों की आंखों से आंसू रूक नहीं रहे हैं।

मैं आपके माध्यम से मांग करता हूं कि मा0 प्रधानमंत्री जी को इस मामले में स्वयं हस्तक्षेप कर एक उच्चस्तरीय जांच मंडल मध्य प्रदेश राज्य में भेजा जाये और जिन किसानों ने आत्महत्या की है, उनको 10-10 लाख रूपये का मुआवजा बांटा जाये एवं जिन किसानों की फसल बर्बाद हुई है, उन्हें सरकार की तरफ से सहायता दी जाये।